हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 25 अक्टूबर 2025
बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़



# साकेत नगर, पुष्पक नगर सहित 40 जगहों पर अवैध प्लाटिंग को लेकर नोटिस

**राज्य शासन के आदेश के बाद नगर निगम भिलाई ने कराया सर्वे, उप पंजीयक को रजिस्ट्री पर रोक लगाने लिखा पत्र**

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

अलग खबर

राज्य शासन के आदेश के बाद नगर निगम भिलाई ने भी अवैध प्लाटिंग करने वालों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। साकेत नगर, पुष्पक नगर, कुरुद सहित आसपास के अन्य 40 जगहों पर कार्रवाई की गई है। इन जगहों पर अलग-अलग खसरा नंबर को बैन करने के लिए राजस्व विभाग को लेटर लिखा गया है।

उप पंजीयक को जमीन की खरीदी-बिक्री पर रोक लगाने, अवैध प्लाटिंग की रजिस्ट्री निरस्त करने सहित एफआईआर के लिए नोटिस किया गया है। बता दें कि इन सभी जगहों पर खेत की जमीन को टुकड़े में काटकर बेच दिया गया है। न ही सीजी रेरा से अनुमति ली गई है, न ही टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से ले आउट अप्रुवल कराया गया है, सीधे टुकड़ों में काटकर प्लाट बेच दिए गए हैं। इतना ही नहीं साकेत नगर में 50 से ज्यादा लोगों ने खेती जमीन पर मकान बना लिए हैं, जिसका भवन अनुज्ञा तक नहीं लिया गया है। इस खुलासे के बाद नगर निगम भिलाई ने जांच शुरू कर दी है। इन सभी मकानों को नोटिस जारी कर भवन अनुज्ञा की प्रक्रिया पूरी करने के लिए कहा गया है। भिलाई-दुर्ग में लंबे समय से अवैध प्लाटिंग का खेल चल रहा है। मुख्य रूप से शहर की आउटर कॉलोनियों में भूमाफिया सक्रिय हैं। ऐसे सारे खसरा नंबर की जांच कराई जा रही है।

### न बिजली न पानी और न ही आने-जाने के लिए सड़क, पब्लिक को परेशानी

साकेत नगर में जिस जगह पर अवैध प्लाटिंग की गई है, उस जगह पर न ही बिजली के पर्याप्त इंतजाम हैं, न ही पेयजल सप्लाई हो रही है। सड़क भी नहीं है। बावजूद प्लाटिंग कर करोड़ों रुपए में इन जमीनों को बेच दिया गया है, जबकि रिकार्ड में यह जमीन आज भी खेती के लिए रिजर्व है। राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने इसे लेकर कहीं किसी प्रकार की आपत्ति नहीं की, जिसके कारण भूमाफियाओं ने यह सारी जमीन बेच दी है। पिछले दिनों जांच के बाद कुछ खसरा नंबर पर बैन भी लगाया गया था, लेकिन राजनीतिक रसूख के कारण पुनः खरीदी-बिक्री को बहाल करा लिया गया। इस प्रकार पिछले करीब तीन सालों से प्रशासन के नाक से नीचे धड़ल्ले से अवैध प्लाटिंग का खेल चल रहा है। राजस्व महकमें, स्थानीय निकायों और प्रशासनिक तंत्रों के संरक्षण के चलते पिछले कुछ समय में यह कारोबार तेजी से फलभूल रहा है। बिना डायवर्सन के जमीन को खरीदा और बेचा जा रहा है।



### निगम क्षेत्र में नियमित रूप से की जा रही जांच

नगर निगम क्षेत्र में नियमित रूप से अवैध प्लाटिंग को लेकर जांच की जा रही है। शासन के निर्देश पर नोटिस भी जारी हो रहे है। राजस्व विभाग, उपपंजीयक को वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया है। कुछ क्षेत्रों में नोटिस भी जारी किया गया है। नियमों का उल्लंघन करने वाले खसरा नंबर को बैन करने की सिफारिश की जाएगी।

**-राजेंद्र दोहरे,** अपर आयुक्त नगर निगम भिलाई

### दुर्ग में बोरसी, हनोदा, धनोरा, पोटिया, पुलगांव, जेवरा-सिरसा में अवैध प्लाटिंग

जानकारी के मुताबिक दुर्ग शहर के बोरसी, हनोदा, धनोरा, पोटिया, पुलगांव, बेलौदी, जेवरा-सिरसा, चिखली, उरला, मोहलाई, अंजोरा सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में धड़ल्ले से अवैध प्लाटिंग का खेल चल रहा है। सस्ते दरों में प्लॉट उपलब्ध कराए जाने का झांसा देकर लोगों को प्लॉट बेचे जा रहे हैं। रोड-रास्ता बताकर जमीन का सौदा कर रहे हैं। दुर्ग निगम ने श्रीराम बिल्डर, आरवी हाउसिंग, अष्ट विनायक हाउसिंग, कुमावत बिल्डर, राधा बिल्डर, बत्रा बिल्डर, मल्हार बिल्डर, बालाजी बिल्डर और तिरुपति विहार सहित कई अन्य बिल्डरों को नियमों की अनदेखी कर भूखंड बेचने और मकान निर्माण करने की शिकायतों के बाद नोटिस जारी किया है। इन बिल्डरों के खिलाफ लिखित शिकायत की गई थी। शिकायत में कहा गया था कि बोरसी, पोटिया, पटरी पार और नदी रोड क्षेत्र में बिना किसी वैधानिक अनुमति के कॉलोनियां विकसित की जा रही हैं, जहां सड़क, नाली, पानी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है। नोटिस में कहा गया है कि बिल्डर द्वारा नगर एवं ग्राम निवेश विभाग और नगर निगम से अनुमति लिए बिना मकान निर्माण और विक्रय किया जा रहा है, जो नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के प्रावधानों का उल्लंघन है।

## खबर संक्षेप

### रबी उत्पादक कृषकों को 2.68 करोड़ का भुगतान

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड रुआबांधा द्वारा रबी 2024-25 के दौरान 256 बीज उत्पादक कृषकों से उपार्जित बीज के मानक पाई गई मात्रा 4410.75 क्विंटल गेंहू, चना, तिवड़ा, सरसों, कुसुम और अलसी की प्रथम किस्त के रूप में 1.84 करोड़ का अग्रिम भुगतान पूर्व में किया जा चुका है। अंतिम भुगतान 84,21,542 रूपए का उनके खाते में ट्रांसफर किया जा रहा है। बीज प्रबंधक एसके बेहरा ने बताया कि बीज निगम द्वारा विभिन्न समितियों में अब तक 1121.20 क्विंटल बीज भण्डारण किया जा चुका है, जिसमें गेंहू 352.40 क्विंटल, चना 661.20 क्विंटल, सरसो 16.40 क्विंटल, तिवड़ा 91.20 क्विंटल आदि प्रमुख है।

### जुजीत्सु प्रतियोगिता के लिए अंकित का चयन

**भिलाई।** 1 से 15 नवंबर तक बैंकॉक थाईलैंड में होने वाली विश्व जुजीत्सु प्रतियोगिता में भारतीय दल का चयन सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता सहारनपुर उत्तर प्रदेश में किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ से दो खिलाड़ियों का चयन हुआ। 63 किलो वजन समूह महिला में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी राणा वसुंधरा पिता राणा अजय सिंह डोंगरगढ़ एवं भिलाई निवासी अंकित यालामनचली पिता वाय पन्नी राव 62 किलो वजन समूह में शामिल हैं।

## निधन

### शोभा राम कोर्राम

**गुरूर।** ग्राम फागुनदाह निवासी शोभा राम कोर्राम का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम मे किया गया। वे बुधंतीन कोर्राम के बेटे, हेमबती कोर्राम के पति, करण कोर्राम, परमानंद कोर्राम के भैया, झामिन, दिव्या, गरिमा के पिता थे।

**पीएचई की टीम ने पेयजल पाइपलाइन की जांच की, नालियों से गुजरने से बढ़ी दिक्कत**

# समोदा में डायरिया का प्रकोप, 62 से ज्यादा मरीज मिल चुके, 15 अब भी भर्ती, तीन संदिग्ध मौतें

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

जिले में एक बार फिर डायरिया का प्रकोप है। इस बार ग्राम पंचायत कचान्दुर के आश्रित ग्राम समोदा के ग्रामीण इसका शिकार हो रहे हैं। 4 अक्टूबर के बाद से लगातार यहां उल्टी-दस्त की शिकायतें सामने आ रही हैं। 62 से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं। 15 मरीजों का अब भी इलाज अस्पताल में चल रहा है। इसमें एक तीन साल के बच्चे को गुरुवार को ही भर्ती कराया गया है। उनके अलावा एक पुरुष भी उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद हॉस्पिटल में इलाज के लिए पहुंचा है। बता दें कि तीन संदिग्ध मौतें भी हो चुकी है। हालांकि इन मौतों को लेकर हेल्थ विभाग ने डायरिया को कारण नहीं माना है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि तीनों में उल्टी-दस्त की शिकायत थी। तीनों बुजुर्ग थे।

इन तीन लोगों में लतेल देशमुख (60 वर्ष), प्रहलाद गोंड़ (60 वर्ष) और बिसमत देशमुख (75 वर्ष) शामिल हैं। हेल्थ विभाग की मुताबिक लतेल की मौत सांस लेने में तकलीफ, प्रहलाद की मौत दिल का दौरा और बिसमत की मौत बुजुर्ग होने की वजह से हुई। बहरहाल हेल्थ विभाग की टीम ने गांव में हेल्थ कैम्प लगाया है। वहीं पीएचई की टीम पेयजल के सैंपल लिए हैं। पाइपलाइन में जिस जगह छेद कर पानी लिया जा रहा था, उसे भी बंद करा दिया गया है। माना जा रहा है कि नाली के करीब होने की वजह से इसी जगह से गंदे पानी की आपूर्ति हो रही थी। पीएचई के अधिकारी प्रकाश ठाकुर, विशाल गेडाम सहित अन्य गुरुवार को पूरे दिन गांव में बने रहे, जहां उन्होंने सप्लाई व्यवस्था की जांच की।



### 450 से ज्यादा घरों का सर्वे, पानी उबालकर पीने की सलाह

जिला सर्विलेंस अधिकारी डॉ. सीबीएस बंजारे, एपिडोमियोलॉजिस्ट ऋतिका सोनवानी, बीटीओ निर्मल कुमार टंडन सहित अन्य भी जांच के लिए पहुंचे। डोरटूडोर सर्वे किया गया। 450 से ज्यादा घरों की जांच की गई। इस दौरान कोई भी नया मरीज नहीं मिला, लेकिन गुरुवार की जांच में दो नए मरीज सामने आए। 4 अक्टूबर से अब तक कुल 62 मरीज मिल चुके हैं, जिनमें से 13 मरीजों का जिले के विभिन्न अस्पतालों में उपचार चल रहा है। 12 मरीज चंदूलाल चंद्राकर कचांदुर भिलाई, 01 निहार अस्पताल व अन्य सभी मरीज घर पर चिकित्सकीय उपचार ले कर वर्तमान में स्वास्थ हैं। संक्रमित क्षेत्र में उल्टी-दस्त से किसी भी मरीज की मृत्यु नहीं हुई है।

### प्रभावित क्षेत्रों में पानी सप्लाई रोकी, सैंपल लिए गए

स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा भ्रमण के दौरान उपस्थित सरपंच अरुण गौतम, उपसरपंच अनुज निषाद, पंचायत सचिव कमला देवांगन व कोतवाल पिताम्बर चौहान को प्रभावित क्षेत्र में पानी के पाईप लाईन को बंद कर, सभी पाइप लाइन की मरमत व साफ-सफाई के लिए कहा गया। सिरसा से पानी टैंकर की व्यवस्था की गई। इसके अलावा संक्रमित क्षेत्र में पानी सैम्पल जांच हेतु लिए गए।स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा ग्रामीण जनता को समझाइश दी गई है कि समस्त जनता से अपील करता है कि पानी उबाल कर पिये, सड़े गले सब्जी न खाये, बाहर का खाना बंद करे, मांसाहार ना खाये, तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर चिकित्सकीय परामर्श लें और अपने व परिवार का ध्यान रखें।



### नालियों से गुजारी गई पाइपलाइन, इसलिए दिक्कत

नालियों से पाइपलाइन को गुजारा गया है, इस वजह से दिक्कत बनी हुई है। तीन लोगों की मौत हुई है, उनमें उल्टी-दस्त की शिकायत थी। प्रशासन भले ही मौत की वजह से दूसरी बता रहा है, लेकिन उनमें डायरिया के लक्षण थे।

**-विनायक ताम्रकार,** अध्यक्ष किसान मोर्चा बीजेपी

### प्रभावित क्षेत्रों में की जा रही जांच

प्रभावित क्षेत्रों में जांच की जा रही है। पीएचई की टीम ने कुछ जगहों पर सप्लाई रोकने कहा है। इसके अलावा सैंपल लिए गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद कारणों का खुलासा होगा।

**-उत्कर्ष पांडेय,** ईई पीएचई दुर्ग

# ग्राम उसरवारा में मां लक्ष्मी की मूर्ति स्थापित की गई



हरिभूमि न्यूज ⏭गुरूर

श्री श्री वैभव लक्ष्मी युवा समिति द्वारा ग्राम उसरवारा में मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित की गई थी। जिसके अवसर पर आयोजित समारोह में गुरूर जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता संजय साहू मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित थी। समिति द्वारा 18 अक्टूबर को को मां लक्ष्मी की मूर्ति स्थापित की गई तथा बाल समाज दुर्गोत्सव समिति द्वारा डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 20 अक्टूबर को तृतीय पूजा महाआरती का आयोजन किया गया। 21 अक्टूबर को हरि कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 23 अक्टूबर को हवन, विसर्जन व शोभायात्र का आयोजन किया गया तथा रात्रि मे फुलकैना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे गुरूर जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता संजय साहू मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित थी।

# दुर्ग में पांच तालाबों में छठ उत्सव की तैयारी



हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा छठ पर्व की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। महापौर अलका बाघमार ने गुरुवार को शहर के प्रमुख तालाबों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शीतला तालाब वार्ड 59, पुजारी तालाब वार्ड 21, रेवा तालाब वार्ड 23, बोरसी तालाब वार्ड 51 एवं सतरुपा शीतला तालाब वार्ड 29 का दौरा किया। सफाई कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि तालाबों के भीतर जमा कचरा, जलकुंभी, प्लास्टिक और गंदगी को पूरी तरह से हटाया जाए तथा आसपास की जगहों की भी सफाई और समतलीकरण किया जाए। महापौर ने कहा कि छठ पर्व एक आस्था और स्वच्छता से जुड़ा महापर्व है, जिसमें श्रद्धालु सूर्य देव को अर्घ्य देने के लिए तालाबों में पहुंचते हैं। ऐसे में निगम का दायित्व है कि वे नागरिकों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण प्रदान करें।

# जल संसाधन विभाग के ईई की गाड़ी की ठोकर से एक घायल

**पद्मनाभपुर थाने में शिकायत, एफआईआर अब तक नहीं**

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग





पद्मनाभपुर थाना अंतर्गत महाराजा चौक के करीब लाला गुपचुप के सामने अनियंत्रित खड़ी गाड़ी से ऋषभ ग्रीन सिटी निवासी संजय अग्रवाल घायल हो गए। उनके दाएं पैर में गंभीर चोटें आईं हैं। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उन्हें पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक गाड़ी बोलेरो सीजी 02 एयू 2469 खिलेश्वर साहू चला रहे थे। जानकारी के मुताबिक वे कोंडागांव में जल संसाधन विभाग में ईई के पद पर पदस्थ हैं। घटना दोपहर करीब साढ़े 12 बजे की बताई गई है। संजय अग्रवाल अपने बेटे सोम के साथ अपनी बहन के पद्मनाभपुर स्थित घर जा रहे थे। तभी घटना स्थल पर खड़ी चार पहिया वाहन के चालक ने अचानक ड्राइवर की तरफ का गेट खोल दिया, जिससे संजय अग्रवाल की बाइक अनियंत्रित होकर गेट से टकरा गई।

हादसे में संजय अग्रवाल को गंभीर चोटें आई हैं। इधर जब संजय अग्रवाल के भाई समीर पद्मनाभपुर थाने में शिकायत लेकर पहुंचे, तो उनकी शिकायत भी नहीं लिखी जा रही थी। बाद में उच्च अधिकारियों से चर्चा के बाद कम्प्लेन ली गई। बहरहाल मामले में पुलिस की जांच जारी है।



### कोंडागांव की सरकारी गाड़ी दुर्ग में घूम रही थी

बता दें कि कोंडागांव में पदस्थ साहू महाराजा चौक के आसपास कहीं निवास करते हैं। वे मलूतः राजनांदगांव के रहने वाले हैं। घटना के बाद उन्होंने अपनी गलती भी मानी। उनकी सीजी 02 एयू 2469 बोलेरो कैसे दुर्ग में थी। इसका खुलासा नहीं हो पाया है। इस बारे में जब खिलेश्वर प्रसाद साहू से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कुछ भी कहने से इंकार कर दिया। वहीं संजय अग्रवाल के भाई समीर ने बताया कि उनकी लापरवाही से यह हादसा हुआ। कोंडागांव की सरकारी गाड़ी दुर्ग में क्या कर रही थी। इसकी भी जांच होनी चाहिए।

### जांच के बाद होगी एफआईआर

मामले में जांच के बाद एफआईआर दर्ज की जाएगी। फिलहाल आवेदन के आधार पर परीक्षण किया जा रहा है। इस बारे में पद्माभपुर पुलिस से जानकारी ली जा रही है।

**-भारती मरकाम,** सीएसपी दुर्ग

### सशिमं में दीपावली मिलन समारोह

**दुर्ग।** सरस्वती शिशु मंदिर कसारीडीह में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हनुमान सहस्त्रनाम लेखन पुरस्कार किया गया। मानसिक एकाग्रता को बढ़ाने तथा आध्यात्मिकता, मंत्रों के बारे में जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। विशेष अतिथि आशीष शर्मा और प्रकाश कानाबार थे। 47 लोगों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। सरस्वती शिक्षा समिति के अध्यक्ष अरुण गुप्ता, सचिव शअरविंद सुराना, कोषाध्यक्ष पूनम चंद जैन, राजेश यादव, किशोर टाटीबंदवाले गिरीश दीवान आदि मौजूद थे।

# अनाथ आश्रम पहुंचकर वृद्धजनों के साथ बांटी दीपावली की खुशियां

**भिलाई।** इस रंग भरी दुनिया मे भगवान ने इंसान को रंगकर्मी के रूप में भेज कर दुनिया बनाई। जिसमे व्यक्ति अपने परिवार को बसाकर कई प्रकार की खुशियां बटोरता है उसके साथ हर कदम पर पूरे परिवार का सहयोग उसे मिलता रहता है और सभी तीज त्यौहार को व्यक्ति मिलजुल कर एक दूसरे के साथ खुशियां बांट कर मनाता है। किंतु इस दुनिया मे कुछ लोग ऐसे भी है जो बिरहा और तन्हा अपना जीवन गुजार रहे है जिन्हें भगवान ने इस दुनिया मे भेजा तो था रंग भरने के लिए किंतु किस्मत ने उनका साथ नही दिया और वे तन्हा ही रह गए। ऐसे लोगो के लिए सांई नाथ सेवा समिति भिलाई में लगातार उनके लिए कार्य कर रही है। सांई नाथ जन सेवा समिति द्वारा फील परमार्थम वृद्धा आश्रम जाकर वहां के वृद्धजनों के साथ दीपावली पर्व धूमधाम से मनाया।

**150 आवासों का निर्माण किया गया, होगा आवंटन**

# भिलाई निगम में वरिष्ठ नागरिक और दिव्यांग को पीएम आवास का अंतिम मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

वरिष्ठ जनों एवं दिव्यांग जनों को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत भूतल के आवास आवंटन हेतु अंतिम अवसर दिया जा रहा है। केन्द्र सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी घटक के विभिन्न परियोजना स्थलों में निर्मित/निर्माणाधीन आवासों का आबंटन नगर निगम भिलाई मुख्य कार्यालय सभागार में 24 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे लाटरी आयोजित किया गया है। 150 आवासों का निर्माण किया गया है जिसमें निर्मित आवासों का लॉटरी किया जा रहा है। लॉटरी के पूर्व समय 11.30 बजे तक हितग्राहियो द्वारा अंशदान राशि का 10 प्रतिशत राशि तथा बेदखली व्यवस्थापन हेतु हितग्राही अंशदान राशि 75000 निगम कोष में जमा कराया जा सकता है। नियमानुसार लाटरी पद्वति से सामान्य वर्ग के हितग्राहियों को अन्य तल (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय) तथा वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को भूतल के आवासों का लाटरी निकालकर आवास आबंटन किया जाएगा।



नगर निगम भिलाई अपील करती है कि पीएम आवास के वरिष्ठ नागरिक, दिव्यांगजन एवं हितग्राही निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होकर लाटरी का लाभ उठावें।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 25 अक्टूबर 2025

12 गाय के गोबर से बनी गोवर्धन प्रतिमा की पूजा कर ग्रामीणों ने किया सुख…



10 ग्राम उसरवारा में मां लक्ष्मी की मूर्ति स्थापित की गई





# मेहंदीगढ़ के राजा मोहंदीपाट बाबा के देव मड़ई महोत्सव की तैयारियां जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

मैं मोहंदीपाट हूं मेरी पहचान मेहंदीगढ़ के राजा मोहंदीपाट बाबा की वजह से प्रदेशभर में होती है। छत्तीसगढ़ की पहचान 36 गढ़ से होती है। मान्यता है कि 36 में से 18 गढ़ शिवनाथ नदी के उस पार पूर्व दिशा में है और 18 गढ़ पश्चिम दिशा में है। जिसमें मेहंदीगढ़ भी शामिल है। जिसकी पहचान वर्तमान में मोहंदीपाट के रूप में होती है। बाबा के अलावा अन्य देवी-देवताओं के मंदिर है। मंदिर के सामने हर साल देव मंडई मेला महोत्सव का आयोजन होता है। जिसमें धमतरी, राजनांदगांव, दुर्ग, खैरागढ़, मानपुर मोहला, अंबागढ़ चौकी, कांकेर सहित प्रदेश के 12 जिले के लोग शामिल होते हैं। तीन दिन तक मेला लगता है। इस बार 25 से 27 को मेला लगेगा। 26 अक्टूबर को मुख्य मेला है। जिसमें प्रदेश के अन्य जिले के लोग शामिल होकर मनोकामना पूरा होने पर मिट्टी से तैयार घोड़े, हाथी की मूर्ति चढ़ाएंगे। यहां बरसों पुरानी अखरा, पखरा नाम के दो खड़ी पत्थर आज भी सुरक्षित है। जहां आस्था के चलते लोग दीप जलाकर रखते है। मोहंदीपाट बाबा के धार्मिक स्थल में आम लोगों के अलावा पूर्व सीएम भूपेश बघेल, गुंडरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद सहित कई जनप्रतिनिधि घोड़े की मूर्ति चढ़ा चुके हैं। इस वजह से शौचालय को तोड़ने की नौबत आई थी। क्षेत्रवासी का आएसा मानना है कि पहले गांव में रात में बाबा जब भ्रमण करने निकलते थे, तब घोड़े की घुंघरू स्पष्ट सुनाई देती थी। यहां संतान प्राप्ति, बच्चों की समस्याओं व अन्य मनोकामना के लिए प्रदेशभर के लिए लोग पहुंचते हैं। नवरात्र में 300 से ज्यादा ज्योति कलश प्रज्जवलित होती है।

## नवरात्रि में 300 से ज्यादा ज्योति कलश प्रज्जवलित होती है



### मातर उत्सव को लेकर मंदिर में तैयारियां चल रही

इस मेला में बहुत दूर दूर से झुला, मीना बाजार वाले लोग आते हैं, झुला का पुरी तैयारी हो चुका हैं मोहंदीपाट की देव मड़ई प्रदेशभर में प्रसिद्ध मोहंदीपाट की देव मड़ई प्रदेशभर में प्रसिद्ध है। दिवाली के दूसरे दिन से गांवों में मातर उत्सव के साथ मंडई मनाने का सिलसिला शुरू हो जाता है। गांवों में मातर, मेला, मंडई छत्तीसगढ़ की संस्कृति है। यहां बालोद जिला मुख्यालय से दूरी-49 किलोमीटर कनेक्टिविटी-बालोद-दुर्ग मार्ग से गुंडरदेही होते और दुर्ग से अण्डा गांव होते हुए यहां पहुंच सकते हैं।

प्रसिद्ध-मेहंदीगढ़ के राजा मोहंदीपाट बाबा का मंदिर।

## खबर संक्षेप

### मोटर सायकिल की ठोकर से एक की मौत और दो घायल

**बालोद।** गुण्डरदेही राजनांदगॉव रोड पर ग्राम कादुंल के पहले कार क्रमांक सीजी 15 सीआर 2100 के चालक यशवंत तिवारी द्वारा गुण्डरदेही की ओर आ रही मोटर साइकिल क्र0 सीजी 07 सीसी 7339 को ठोकर मार दिया। जिससे मोटर साइकिल में सवार युवरानी निषाद की मौका में मृत्यु हो गई तथा वेदप्रकाश निषाद, नंदनी निषाद, दक्षिता निषाद को चोटे आई है। जहां घायलो को उपचार हेतु सी0एच0सी अर्जुन्दा लाया गया था, आरोपी कार सीजी 15 सीआर 2100 के चालक के यशवंत तिवारी के खिलाफ धारा 106(1), 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया।

### मोटर सायकिल विवाद पर युवक की पिटाई

**बालोद।** दूसरे के मोटर साइकिल को हटाने से मना करने पर युवक की दो लोगो ने पिटाई कर दी। जिसके बाद पीड़ित युवक ने दो लोगो के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम जगतरा (नयापारा) निवासी राकेश साहू ने पुलिस को बताया कि 23 अक्टूबर को हमारे पड़ोस का गांव ग्राम सोहतरा में मातर कार्यक्रम देखने गये थे। मातर कार्यक्रम के दौरान शाम करीबन 04:30 बजे स्कूल के पास ग्राम सोहतरा में खड़े एक मोटर साइकिल पर मैं जाकर बैठ गया, उसी समय ग्राम सोहतरा निवासी बबलू मैं जिस मोटर सायकल में बैठा था उसके बगल में खड़े किये मोटर सायकल को निकालने के लिय जगह नहीं होने से मुझे मोटर सायकल हटाने के लिये बोला, तब मैंने कहां कि यह मोटर साइकिल मेरा नहीं है, फिर भी बबलू ने गुस्से में आकर मुझे मोटर साइकिल हटाने के लिये बोला, जिसे मैंने मना किया तो गाली देते हुए अपने साथी राजा निर्मलकर निवासी ग्राम सोहतरा को फोन कर बुलाया और मारपीट किये है। जिसे देखकर मेरा भांजा निखिल साहू ने बीच–बचाव किया जिसके साथ थाना रिपोर्ट दर्ज कराने आया हुं।

### सूने मकान में 23 हजार रुपए की चोरी

**बालोद।** दीपावली पर अपने गांव गए व्यक्ति के सुने मकान में चोरो ने धावा बोल दिया। चोर ने सुने घर से करीब 23,000 रूपये की चोरी कर ली। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। ग्राम रांवा जिला धमतरी निवासी बाकेश्वर सिंह साहू ने पुलिस को बताया कि विगत 13 वर्षो से ग्राम जुंगेरा में रह रहा हूं। मेरा मकान बालोद से डौण्डी लोहारा रोड़ किनारे स्थित है। 21 अक्टूबर को शाम अपने परिवार के साथ ग्राम रांवा गये थे, घर के देखभांल, साफ– सफाई के लिये पड़ोस के पुष्पा बाई ठाकुर को घर का चाबी दिया था। 23 अक्टूबर के प्रातः लगभग 08 बजे पुष्पा बाई ठाकुर की लड़की देविका ने मुझे फोन कर बताया कि सुबह घर के साफ-सफाई के लिये सामने का दरवाजा का ताला खोलकर अंदर जाकर देखी तो पुजा रूम एवं बेडरूम का दरवाजा खुला है। पुजा रूम में सामान बिखरा पड़ा है, सूचना पर मैं परिवार सहित ग्राम जुंगेरा आकर घर अंदर जाकर देखा तो बेडरूम का खिड़की का राड़ हुटा हुआ था, कमरा में रखे आलमारी का लॉक टुटा हुआ एवं सामान बिखरा पड़ा था, आलमारी में रखे 100, 200, 500 का नोट कुल 23,000 रूपये नहीं था। बच्चो का गुल्लक भी फुटा पड़ा था, 22 अक्टूबर के रात्रि 09 बजे से 23 अक्टूबर के प्रातः 08 बजे के मध्य अज्ञात चोर द्वारा मेरे घर अंदर प्रवेश कर घर में चोरी किया है।



## अपराध : मातर उत्सव में विवाद बढ़ा हिंसा में पुलिसकर्मी घायल

# मातर उत्सव के दौरान ग्राम कुरदी में पुलिस पर भीड़ ने किया हमला, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/अर्जुन्दा

गांव में मातर उत्सव के दौरान पुराने विवाद के कारण उत्पन्न तनाव की स्थिति को शांत कराने गई। पुलिस के उपर आक्रोशित भीड़ ने हमला कर दिया। जिसके बाद पुलिस द्वारा 14 नामजद तथा 15 अन्य लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जिसमे पुलिस ने धारा 121(1), 127(2), 132, 190, 191(2), 192, 221, 296, 324(4), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मामला थाना अर्जुन्दा क्षेत्र के ग्राम कुरदी मे गुरूवार की देर शाम की है। दो पक्ष मे मारपीट होने से गॉव मे तनाव की स्थिति निर्मित है। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस घटना स्थल ग्राम कुरदी पहुंची, जहॉ पर ग्रामीणो की 100–150 लोगो की भीड़ एकत्रित थी, उनके द्वारा हसिये से मारकर तीन ग्रामीणों को घायल करने वालो को पकडकर ग्रामीणो को सौपने की मांग की जा रही थी। पुलिस पड़ताल में पता चला कि संदेही कमलेश साहू के खिलाफ नारे बाजी कर उसे भीड़ को सौपने की मांग कर रहे थे, पुलिस द्वारा सुरक्षित घेरे मे लेकर संदेही आरोपी कमलेश साहू को पुलिस टीम द्वारा घर से बाहर सुरक्षित लेकर शासकीय वाहन मे बैठाकर थाना अर्जुन्दा के लिए रवाना हो गये, इसी दौरान मौके पर उपस्थित भीड़ पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगी, तब सायबर सेल को वरिष्ट अधिकारी से निर्देश मिला की गॉव मे महौल ठीक नही है कुछ समय तक रूके रहना महौल शांत होने पर थाना अर्जुन्दा पहुंचना।



बाकि पुलिस फोर्स स्थिति को शांत होते देख धीरे–धीरे ग्राम कुरदी से थाना अर्जुन्दा की ओर चले गये। कुछ समय बाद कुछ ग्रामीण रोड किनारे पुलिस के वाहन क्रमांक सीजी 03 9555 खड़ा था, वहॉ पर आये और गाड़ी नम्बर को देखकर मारो पीटो बोलने लगे, तब प्रभारी सउनि धरम भुआर्य ने ग्रामीणो को समझाया कि हम लोग पुलिस वाले है। डियुटी कर रहे है। शांति व्यवस्था बनाये रखना है। इतने मे भीड़ मे से कुछ लोग ईट पत्थर, डण्डा लाठी लेकर शासकीय वाहन क्र0 सीजी 03.9555 के कॉच को मारकर तोड़फोड़ करने लगे। भीड़ से आवाज आई कि पुलिस वाले आरोपी को कैसे ले गये, आज साईबर सेल टीम को नही छोडेंगे कहकर गालियां देने लगे, तब साईबर सेल प्रभारी द्वारा लोगो को सामझाईश दिया गया की पुलिस अपना काम कर रही है, सबके साथ न्याय होगा, फिर भी इकत्रित भीड़ ने शासकीय कार्य मे बाधा डालकर ईंट, पत्थर, लाठी–डण्डा से मारपीट कर शासकीय वाहन को नुकसान पहुंचाये है तथा पुलिस कर्मीयो से मारपीट की जिससे कुछ पुलिस कर्मी घायल हुए। पुलिस कर्मीयो ने उस भीड़ में से जिन्हे पहचानने का दावा किया उनमें देवा उर्फ देवव्रत, ईश्वर ठाकुर, हीरा साहू, राजू साहू, परमेश्वर देवांगन, मानसिंग देवांगन, कुलेश्वर साहू, पामेश देवांगन, मुकेश योगी, दादू भण्डारी, तुकेश निषाद, एवन देवांगन, प्रीतम ठाकुर धनंजय योगी एवं अन्य दस पन्द्रह लोग सम्मिलित है।

### नृत्य के दौरान मारपीट, तीन युवक के खिलाफ अपराध दर्ज

**बालोद।** चौक में विराजे मां लक्ष्मी की प्रतिमा के सामने गरबा कर रही महिलाओ के बीच जाकर युवको को नाचने से मना करने पर युवको ने मना करने वाले व्यक्ति के उपर हमला कर दिया। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने युवको के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। स्वास्थ्य विभाग में वैक्सीन कोल्ड चैन मैनेजर के पद पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय बालोद में पदस्थ ग्राम लाटाबोड़ वार्ड क्रमांक 02 निवासी रविकांत साहू ने पुलिस को बताया कि 23 अक्टूबर को गांव में जय स्तंभ चौक के पास लक्ष्मी माता की मूर्ति स्थापित किये है, जहां पर महिलाओं के द्वारा गरबा नृत्य किया जा रहा था, मैं पण्डाल के पास बैठा था, उसी समय रात्रि करीबन 10:30 बजे गांव के कुलदीप, ओम प्रकाश एवं उसके अन्य दो दोस्त महिलाओं के गरबा नृत्य के बीच में जाकर डांस करने लगे, तब मैंने चारों लड़को को महिलायों के बीच में डांस करने से मना किया, इस बात से चारो गाली गलौज कर मारपीट करने लगे और इसी दौरान कुलदीप एवं ओम प्रकाश ने अपने पास रखे धारदार वस्तु से प्रार्थी पर हमला कर दिया। जिससे प्रार्थी के बाएं गाल, बाएं कान एवं गले के पास चोट पहुंचा।

## मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा, घूमंतू मवेशियों को हटाने की मांग की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

मुख्य नगर पालिका अधिकारी संतोष देवागन नगर पंचायत डोण्डी को ज्ञापन सौप कर बताया की नगर में घूम रहे घूमन्तू मवेशियों को नगर सीमा से बाहर निकाल कर छोड़ने सूचना दी।

जिसमे कहा गया की निकाय क्षेत्रान्तर्गत आवारा मवेशियों की समस्याओं के बारे में मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं जनदर्शन के माध्यम से कलेक्टर महोदया को अवगत कराया गया था। किन्तु आज तक कोई भी कार्यवाही नही की गई। जिसके उपरान्त नगरवासियों एवं किसान संघ के द्वारा बैठक कर निर्णय लिया है कि घूमन्तू मवेशियों को डौण्डी नगर सीमा से बाहर छोड़ दिया जाए। आज पुलिस ग्राउण्ड में संघ एवं नगरवासियों द्वारा आवारा मवेशियों को एकत्र कर डौण्डी नगर सीमा से बाहर छोड़ दिया जाएगा। ज्ञापन देने किसान संघ के सुखदेव यादव, जिरखु राम मालेकर, संतोष धनकर भी उपस्थित थे।

### राज्योत्सव समारोह के लिए कलेक्टर ने अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के आदेशानुसार बालोद जिले में 02 से 04 नवंबर तक आयोजित होने वाली राज्योत्सव समारोह के सफल आयोजन सुनिश्चित करने हेतु अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जारी आदेश में समारोह के सफल आयोजन हेतु अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक को नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

**जीएसटी रिफॉर्म्स से आम जनता को आर्थिक सहूलियत, सुनीता साहू**

# महंगाई पर अंकुश और निवेश को बढ़ावा जीएसटी दर संशोधन से बढ़ी खुशहाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

जीएसटी दरों में संशोधन से आम जनता को सस्ते दामों पर वस्तुएं मिल रही है। इसका सीधा असर दीपावली पर्व पर देखने को मिला जहां बड़ी संख्या मे ग्रामीण वाहन एवं अन्य सामग्री क्रय करते दिखे।

उक्त बातें जनपद पंचायत गुरूर अध्यक्ष सुनीता संजय साहू ने कही। जीएसटी दरों में संशोधन से कारोबारियों और उद्योग जगत को भी प्रतिस्पर्धा के बेहतर अवसर मिल रहे हैं। यह निर्णय केवल भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने वाला होगा। सामग्रीयो के मूल्यो में कमी से आम जनता को राहत मिली है। आम जनता की वैश्विक स्तर पर भारत की आर्थिक नीतियों को स्थिरता और विकास का मॉडल माना जा रहा है। जीएसटी की नई दरों से न केवल महंगाई पर अंकुश लगेगा बल्कि निवेश का माहौल भी मजबूत होगा। सुनीता साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किए जा रहे कार्यो से देश का हर नागरिक आत्मनिर्भर और खुशहाल बनेगा। सरकार लगातार ऐसी नीतियां लागू कर रही है, जिनका सीधा लाभ आम जनता तक पहुंच रहा है, पहले घर घर शौचालय फिर प्रधानमंत्री आवास, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ सीधे जनता को मिला है। अब जीएसटी दर घटने से आम गृहिणियों के बजट पर भी सकारात्मक असर पड़ा है। दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दामों में कमी आने से परिवारों को आर्थिक सहुलियत मिली है। जनपद अध्यक्ष सुनीता साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कई ऐतिहासिक और साहसिक निर्णय लिए गए है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगातार ऐसे निर्णय हुए हैं, जिनके बारे में यह कहा जाता था कि यह कभी नहीं हो सकते। चाहे वह धारा 370 हटाना हो या ट्रिपल तलाक बिल लाने का निर्णय। इसी कड़ी में जीएसटी रिफॉर्म्स लोगों को आर्थिक मजबूती प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



# विवाद सुलझाने गए व्यक्ति पर हसिए से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/अर्जुन्दा

गांव मे दो पक्षो में हो रहे विवाद को छुड़ाने गए व्यक्ति पर एक व्यक्ति ने हसिया से हमला कर दिया। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने हसिया से हमला करने वाले व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 109, 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

ग्राम कुरदी निवासी कमल सिंह साहू ने पुलिस को बताया कि 23 अक्टूबर के करीबन शाम 05:30 बजे मैं गॉव मे मातर मनाकर अपने घर लौटा था तभी गली मे झगड़ा लड़ाई होने की अवाज सुना तो कौन झगड़ा हो रहा है सोच कर बाहर गली मे निकला तो देखा कि कमलेश साहू और खिलावन साहू आपस मे अपने घर के पास गली मे वाद विवाद गाली गलौज हो रहे थे, कमलेश साहू ने खिलावन साहू को गाली गलौज दे रहा था और अपने हाथ मे हसिया रखे थे, गाली गलौज सुनने मे बहुत खराब लग रहा था, तो मैं दोनो को समझाने के लिये उनके पास गया था, उसी समय खिलावन साहू को कमलेश साहू ने आज तेरे को जान से मार दूंगा बोलकर उसके गर्दन मे हसिया चलाया, खिलावन साहू झुक गया तो हसिया उसके सिर पर लगा, फिर दोबारा उसके सिर मे फिर हसिया से मार दिया, खिलावन साहू वही पर गिर गया, मैं बीच बचाव कर रहा था, तो मुझे भी उसी हसिया से मार दिया, तब सुरेश साहू भी बीच बचाव करने आ गया था, उसके चेहरे मे कमलेश ने हसिया से मार दिया, हम लोग लहु लुहान को गये थे, फिर गॉव वालो को देखकर कमलेश साहू अपने घर मे चला गया। ग्रामीणो से प्राप्त जानकारी के अनुसार खिलावन साहू कि पत्नी ने पहले कमलेश साहू के खिलाफ छेड़छाड़ का रिपोर्ट लिखाई थी, तब से दोनो के बीच मे झगड़ा होते रहता है। 23 अक्टूबर को उत्पन्न विवाद भी इसी के कारण बताया जा रहा हैं।

■ बीच–बचाव करने वाले को हसिया से किया घायल

## पशु-पक्षी मेले में उन्नत नस्ल के पशुओं ने आकर्षित किया ध्यान

# विकासखंड स्तरीय पशु मेला व प्रदर्शनी का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

छत्तीसगढ़ रजत जयंती स्थापना वर्ष पर उपलक्ष्य में विकासखंड स्तरीय पशु पक्षी प्रदर्शनी एवं पशु मेला का आयोजन उपसंचालक पशुधन विकास विभाग दुर्ग व पशु चिकित्सालय अंडा के माध्यम से ग्राम अंडा में किया गया।

जिसमें क्षेत्र के पशुपालकों के द्वारा अपने उन्नत नस्ल के गाय, भैंस, बैल व भैंसा जोड़ी उन्नत बछिया (कलोर) उन्नत साहिवाल/गिर वत्स बकरियां एवं मुर्गियों को इस पशु पक्षी मेला में प्रदर्शित किया गया। मेले के माध्यम से पशु चिकित्सा विशेषज्ञों के द्वारा उपस्थित जन समुदाय को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। तत्पश्चात विभागीय पशु चिकित्सा विशेषज्ञों के द्वारा विभिन्न वर्गों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार हेतु पशु- पक्षियों का चयन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित जनप्रतिनिधियोंके द्वारा गौ माता की पूजन व मेले में लाए गए पशु पक्षियों का अवलोकन कर किया गया। संतोष निषाद सभापति कृषि स्थाई समिति द्वारा अपने उद्बोधन में पशु प्रबंधन व नस्ल सुधार हेतु पशुपालकों का उत्साह वर्धन किया। तत्पश्चात मंचस्थ अतिथियों के द्वारा विभिन्न आयु वर्ग के चयनित पशु पक्षियों के पशुपालकों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय व सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया । मोबाइल यूनिट के द्वारा पशु रोग उपचार व औषधीयो का वितरण किया गया। इस अवसर पर संतोष निषाद सभापति कृषि स्थाई समिति जनपद दुर्ग अजीत चंद्राकर जनपद सदस्य अंडा, लोमेस चंद्राकर जनपद सदस्य कुथरेल, दिग्विजय सिन्हा सरपंच व यशवंत बंजारे उप सरपंच ग्राम पंचायत अंडा राकेश चंद्राकर पूर्व जनपद सदस्य अंडा, योगेंद्र दिल्लीवार सरपंच (विनायकपुर), जयराम चंद्राकर, प्रवीण चंद्राकर, प्रहलाद चंद्राकर, डी.पी चंद्राकर, बंशीलाल चंद्राकर, देवनारायण चंद्राकर, उतरा देशमुख पंच ज्ञानेंद्र जोशी आदि जन प्रतिनिधि गण उपस्थित रहे। विभागीय अधिकारियों में डॉ.एम.सी. देशमुख अतिरिक्त उपसंचालक दुर्ग, डॉ जी. एल. बंजारे वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी, डॉ सुप्रिया कामले व डॉ लीना दिल्लीवार, पशु चिकित्सा सहायक सुमन यादव सांख्यिकी अधिकारी, एन. के. सिन्हा, सी. के. बारसागढ़े, एस. के. साहू प्रेमलता देवांगन, कल्याणी निर्मलकर, मनीषा चंद्राकर, उमाकांत सिर भाते उमेश तिवारी, गौरव बागड़े, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी गण व राजू लाल देशमुख देवकी सिन्हा, हबीबा, सुनील, रमेश, रामचरण व ग्राम वासी उपस्थित रहकर सहयोग प्रदान किये ।




# युवक से मारपीट करने वाले 4 आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

विसर्जन कार्यक्रम मे सम्मिलित होने आए युवक के साथ वहां मौजूद युवको ने मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित युवक ने चार युवको के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम बुढापारा पाररास बालोद निवासी प्रताप सिंह गौतम ने पुलिस को बताया कि 23 अक्टूबर को मेरा साथी पाण्डेपारा बालोद निवासी राहुल कुमार साहू ने अपने मोहल्ले में लक्ष्मी माता की मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम देखने के लिये मुझे बुलाये थे, मैं अपने साथी रोहन कुंजाम के साथ पाण्डेपारा बालोद में लक्ष्मी माता की मूर्ति विर्सजन कार्यक्रम देखने के लिये गया था। लक्ष्मी माता की मूर्ति विर्सजन कार्यक्रम के दौरान मैं, राहुल एवं रोहन कुंजाम के साथ करीबन शाम 05:30 बजे बुधवारी बाजार पाण्डेपारा बालोद में देख रहे थे उसी समय राहुल कुमार साहु अपने पास रखे फटाका को फोड़ रहे थे, जिसे तुषार निवासी मरारपारा बालोद, हिमांशु साहू, सोनू यादव एवं महेश्वर निवासी पाण्डेपारा बालोद सभी मिलकर राहुल कुमार साहू को फटाका फोड़ने से मना कर विवाद किये, जिन लोगों को समझाकर कुछ दूर आगे चलने के बाद मेरे एवं रोहन कुंजाम के पास तुषार, हिमांशु साहू, सोनू यादव एवं महेश्वर आकर हमसे बोले हमें तुम लोग डॉन बनते हो, कहकर गाली गलौज कर धमकी देते हुये चारों ने अपने पास रखे डण्डा, बेल्ट एवं पत्थर से मुझे एवं रोहन कुंजाम को मारपीट किये। मारपीट को देखकर मेरे साथी राहुल कुमार साहू ने बीच– बचाव किया है।

## खबर संक्षेप

### एग्रीस्टैक पोर्टल में शेष किसानों के पंजीयन के लिए 26 तक विशेष शिविर

**बालोद।** जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 तथा वर्ष 2024–25 के एग्रीस्टैक पोर्टल में शेष किसानों के पंजीयन हेतु 26 अक्टूबर तक समिति स्तरीय शिविर आयोजित की गई है। अपर कलेक्टर ने बताया कि जिले के शत प्रतिशत कृषकों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन सुनिश्चित कराने 24 अक्टूबर से 26 अक्टूबर समिति स्तरीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत खरीफ विपणन वर्ष 2024–25 एवं 2025–26 के ऐसे किसान जो एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीकृत है किंतु एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन हेतु शेष रह गए है, समिति स्तरीय शिविरो में ऐसे सभी कृषकों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन किया जाएगा। इसके साथ ही ऐसे कृषक जो एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकृत है किंतु उनका व्यक्तिगत जानकारी अप्राप्त है। शिविरों में ऐसे सभी कृषकों की जानकारी एग्रीस्टेक पोर्टल में अद्यतन भी किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना तहत आवेदन 30 तक

**बालोद।** छत्तीसगढ़ शासन समाज कल्याण द्वारा संचालित मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत आवेदन आमंत्रित की गई है। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक अजय गेडाम ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत विधवा, परित्यक्त महिला, दिव्यांगजन एवं 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक 30 अक्टूबर तक जिला कार्यालय समाज कल्याण विभाग बालोद में आवेदन कर सकते है।

उन्होंने बताया कि आवेदन ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन दो प्रतियों में हिन्दी में ही भरा जाएगा। आवेदन के साथ पासपोर्ट आकार का नवीनतम रंगीन फोटो निर्धारित स्थान पर फ्रंट पेज में लगाना होगा। आवेदन के साथ निवास के साक्ष्य के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, मतदाता पहचान या राज्य शासन द्वारा स्वीकार्य कोई अन्य प्रमाण अथवा अभिलेख इत्यादि दस्तावेज के साथ ग्रामीण क्षेत्रें में ग्राम पंचायत द्वारा व्यक्तियों से आवेदन प्राप्त कर, जनपद पंचायत के माध्यम से एवं शहरी क्षेत्रें में नगरीय निकाय के माध्यम से जिला कार्यालय समाज कल्याण विभाग जिला बालोद को प्रेषित किया जाएगा।

### राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता की तिथि में संशोधन

**बालोद।** लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जिला मुख्यालय बालोद में आयोजित होने वाले 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता की तिथि में संशोधन किया गया। इसके अंतर्गत वर्ष 2025–26 में जिला मुख्यालय बालोद में आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता के आयोजन की तिथि 01 से 04 नवंबर को था जिसे संशोधित कर 08 से 11 नवंबर तक कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय बालोद में 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता के अंतर्गत खो–खो बालक–बालिका 14 वर्ष, फुटबाल बालक–बालिका 14 वर्ष एवं नेटबाल बालक–बालिका 19 वर्ष का आयोजन 08 से 11 नवंबर तक जिला मुख्यालय बालोद में आयोजित की जाएगी।

पर्व : पर्वतराज गोवर्धन के जयकारों से गूंजा गांव-कस्बा,पारंपरिक रीति से हुई पूजा-अर्चना

# गाय के गोबर से बनी गोवर्धन प्रतिमा की पूजा कर ग्रामीणों ने की सुख-समृद्धि की कामना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

■ गोवर्धन पूजा के साथ गूंजा जय श्रीकृष्ण, ग्रामीण अंचल में दिखा उत्साह और भक्ति का संगम

पारंपरिक रीति–रिवाजों से दीपावली व गोवर्धन पूजा त्यौहार मनाया गया। गांव–कस्बों से लेकर शहर तक गोवर्धन महाराज के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। सुबह महिलाओं ने गाय के गोबर से गोवर्धन महाराज की स्थापना कर विधि–विधान से पूजा की। परिक्रमा लगाकर परिवार की खुशहाली व समृद्धि की कामना की। दीपावली के बाद मनाए जाने वाले इस पर्व पर भक्तों ने विशेष रूप से भगवान श्रीकृष्ण की आराधना की। ग्राम भरदाकला के किसान व सरपंच क्रान्ति भूषण साहू ने बताया कि गोवर्धन पूजा घर, परिवार व पशु धन की उन्नति का प्रतीक मानी जाती है। ग्रामीण क्षेत्रें में इस दिन विशेष उत्साह देवारी मनाते है। पूजा के दौरान अन्नकूट का भोग लगाया जाता है। भक्तजन गोवर्धन महाराज की आरती कर परिक्रमा करते हैं। मान्यता है कि भगवान



श्रीकृष्ण ने इंद्रदेव के अभिमान को तोड़ने व धरती पर जीवन के आधार स्वरूप गोवर्धन पर्वत की महिमा स्थापित करने के लिए इस पूजा का प्रारंभ किया था।

इसी परंपरा के अंतर्गत आज भी लोग गोवर्धन पर्व को प्रकृति व पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ मनाते हैं। वही घर में गौ माता व पशुओं को नहलाकर पूजा करके खिचड़ी भोग लगा कर प्रसाद ग्रहण करते है, सामूहिक गोवर्धन पूजा कर किसान एक दूसरे को बधाई सहित आशीर्वाद देते है, वही गांव में पारंपरिक दोहों के साथ यादव समाज नाचते गाते देव ध्वजा भी पूरे गांव में घूमती हैं।

### मातर मड़ई उत्सव का आयोजन

**बालोद/निकुम।** सुभाष नवयुवक मंडल व ग्रामवासी खुसऍपार के संयुक्त तत्वाधान में पारंपरिक मातर मंडई उत्सव का आयोजन सोमवार को किया गया है। जहां गौठान में खीर प्रसादी बाटी जायेगी, वही सोमवार को कबड्डी व चौसर प्रतियोगिता शाम 5 बजे होगी। जिसमें कबड्डी में प्रथम पुरस्कार 10000 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 7000 रूपये, तृतीय पुरस्कार 5000 रूपये व चतुर्थ पुरस्कार 3000रूपये शील्ड आकर्षक पुरस्कार दिया जाएगा। वहीं चौसर प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 7000 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 5000 रूपये, तृतीय पुरस्कार 3000 रूपये व चतुर्थ पुरस्कार 2000 रूपये व शील्ड दिया जाएगा। जिसमें मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री होंगे गजेंद्र यादव, अध्यक्षता विधायक गुण्डरदेही कुंवर सिंह निषाद करेंगे। जिला भाजपा अध्यक्ष बालोद चेमन देशमुख, जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर, ग्राम पंचायत गोडेला सरपंच वागीश बंजारे, उप सरपंच ज्योति बेलचंदन सहित पंचगण विशेष अतिथि रहेंगे, रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी करमतरा जालबांधा की प्रस्तुति रात्रि 9 बजे होगी। यह जानकारी आयोजक समिति प्रमुख नोखे बेलचंदन ने दिया।

### खुंदनी में मातर उत्सव मनाया



**गुरूर।** ग्राम खुंदनी में पांच दिवसीय दीपावली पर्व के बाद दूसरे दिन मातर उत्सव मनाया गया। जिसमें यादव समाज द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में गलियों में नाचते–झूमते सहाड़ा देव स्थल पहुंचकर माता उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की अतिथि सुनीता संजय साहू ने कहा कि मातर महोत्सव हमारी उत्सवधर्मिता का सजीव प्रतीक है। गांवों मे आज भी हमारी संस्कृति की महक अनुभव करने को मिलता है। छत्तीसगढ़ में आज भी अपनी संस्कृतिक विरासत को सम्हालकर रखा है। हम भारतीयों के सबसे बड़े त्योहार दीपावली को जिस तरह से मनाया जाता है वह अदभुत है। ये मातर त्योहार हमारे ग्रामीण संस्कृति के एक अदभुत सामुदायिक रुप है।

### ग्राम फागुनदाह में गोवर्धन पूजा आयोजित



**गुरूर।** ग्राम फागुनदाह मे गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणो के साथ पूर्व विधायक प्रीतम साहू, रोशन साहू, उमेंद साहू, केशव मानिकपुरी, प्रकाश सूर्यवंशी, उधो भारद्वाज, बंशी साहू, सरपंच पति पदम सिंह मरकाम, प्रहलाद, पीलू मरकाम, शोभा कोर्राम, पूनम साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य यामलाल साहू उपस्थित थे।

### जुन्नापानी में हुआ डांस प्रतियोगिता



**डौंडीलोहारा।** वनांचल के ग्राम जुन्नापानी में गोवर्धन पूजा के शुभ बेला पर रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता संपन्न हुआ। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम जुन्नापानी में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से नव युवा संगठन के तत्वाधान में रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता संपन्न हुआ। कार्यक्रम में एकल, युगल, सामुहिक वर्ग में लगभग 35 मंडलियों ने शिरकत की। जिसमें सभी वर्ग के लिए अलग-अलग पुरस्कार की व्यवस्था की गई थी एवं विशेष आकर्षक पुरस्कार भी प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में पूरे ग्रामवासी तथा आसपास ग्राम के लोग भी आनंद लेने के लिए अपनी सहभागिता निभाएं। कार्यक्रम की शुभारंभ बेला के मुख्यअतिथि राजाराम तारम जिला पंचायत सदस्य बालोद, अध्यक्षता श्वेता राजेश पोरते सरपंच ग्राम पंचायत जुन्नापानी, विशिष्ट अतिथि गोविंद चंद्राकर विधायक प्रतिनिधि रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री सिन्हा जी शिक्षक ग्राम मुढ़िया एवं भोलानाथ कुलदीप ग्राम जुन्नापानी ने किया।

## मां लक्ष्मी प्रतिमा की धूमधाम से विसर्जन शोभायात्रा निकाली



**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा के पास मां लक्ष्मी की मूर्ति स्थापित किया गया। लक्ष्मी पूजा सोमवार को रात पुरे गांव के लोग दीप जलाकर माता रानी की पूजा अर्चना की और माता रानी से धन-धान्य और सभी के लिए मंगल कामना किया गया 21 अक्टूबर मंगलवार को हवन पुजा करके खिचड़ी प्रसाद वितरण किया गया। समिति के अध्यक्ष बलराम बबलू साहू ने बताया कि बुधवार को दोपहर मां लक्ष्मी की धूम धाम से विसर्जन शोभा यात्रा निकाली गई। सभी भक्तों ने प्रेम पूवक नाचते हुए चलते रहे बजरंग पारा से बजार चौक मेनगली शीतला पारा होते हुए श्री राधा कृष्ण मंदिर पारा होते हुए खनति तालाब पहुंचे। जहां पर मांता रानी की आरती किया गया। विसर्जन किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से शामिल रहे लक्ष्मण बाबा बलराम बबलू, गज्जू ,भोलू , खिलेशवर साहू ,गुलाब साहू, मनसुखा साहू ,दूरगेन्दर साहू, लक्की पटेल, मुकुल पटेल, महेन्द्र पटेल, लक्ष्मण साहू, भुपेश साहू, भुपेंद्र, मारियल साहू ,कुंभकरण पटेल, अजय हिरवानी, अंजोर साहू, चेतन साहू, तोमन गजपाल, रामेशवर साहू, तानू पटेल, भोज साहू, भदरी सपरे आदि भक्त गण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### धूमधाम से किया मां लक्ष्मी मूर्ति का विसर्जन



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत चिंगरी में दीपावली पूजन के बाद बस्ती चिंगरी में मां लक्ष्मी की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। विसर्जन के समय श्रद्धालुओं में उत्साह देखा गया। भक्ति गीतों पर झूमते हुए उन्होंने प्रतिमाओं को विसर्जित किया। विसर्जन के दौरान गावं की जनता बड़ी संख्या में उपस्थित रही। लोगों ने मां लक्ष्मी के अंतिम दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सभी श्रद्धालुओं ने देवी से क्षेत्र की उन्नति, उत्तम स्वास्थ्य और शांति के लिए प्रार्थना की।

### ग्राम हल्दी में हुआ मातर उत्सव



**बालोद/सिकोसा।** ग्राम हल्दी में मातर उत्सव का आयोजन किया गया। सुबह से लेकर रात तक गांव में उत्साह का माहौल रहा, यादव समाज एवं ग्राम वासियों के द्वारा भव्य श्री राधा कृष्ण की झांकी निकालकर पूजा अर्चना किया गया, तत्पश्चात रात्रि में स्वरांजलि लोक कला मंच का भी आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि के जनपद पंचायत सदस्य एवं सभापति अश्वनी कुमार कटहरे, सरपंच बालिका ठाकुर, ग्रामीण अध्यक्ष नंद कुमार साहू उप सरपंच एवं पंचगन साथ ही गांव समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे। जनपद सदस्य ने उत्सव का महत्व बताया।

## जेवरात सहित 86,500 रुपए की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया

गोवर्धन पूजा कार्यक्रम में सम्मिलित होने अपने पुराने गांव गए व्यक्ति के मकान मे चोरो ने सोने चांदी व नगदी सहित 86,500 रूपये की चोरी कर लिए। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305(एं), 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौण्डी लोहारा में लैब टेक्निशियन के पद पर पदस्थ ग्राम मालीघोरी (दुधली) निवासी खोमेश्वर सारथी ने पुलिस को बताया कि मैं ग्राम मालीघोरी (दुधली) में अपनी पत्नि आ—ति सारथी, बेटा तनिष्क सारथी एवं मां उषा सारथी के साथ रहता हूं। मालीघोरी (दुधली) में मेरे परिवार की दुकान है उसी से लगा हुआ घर है। हमारा पुराना घर एवं किराना दुकान ग्राम देवरी बंगला में भी है।

मेरे पिता जी एवं छोटा भाई टेमेन्द्र कुमार सारथी देवरी बंगला में रहते है, 21 अक्टूबर को में अपने परिवार के साथ ग्राम देवरी बंगला गोवर्धन पुजा कार्यक्रम में शामिल होने गए थे वहां दो दिन बाद 23 अक्टूबर को ग्राम मालीघोरी (दुधली) वापस आने के लिये निकले थे कि करीब 10:42 बजे मेरे दुकान के बगल के कपड़ा दुकान वाले मनोज देवांगन ने मुझे फोन से बताया कि आपके किराना दुकान के शटर का ताला टुटा हुआ है, तब मैं मालीघोरी (दुधली) पहुंच कर देखा तो हमारे किराना दुकान के सामने शटर में लगा ताला टुटा हुआ था, अंदर बेडरूम में सामान बिखरा पड़ा था एवं आलमारी खुला हुआ था, जिसे देखकर मेरे घर में चोरी होने की अंदेशा होने पर हमारे गांव के कोटवार घुरऊ राम गंधर्व और बोधन भट्ट को फोन लगाकर अपने घर बुलाया एवं फोन के माध्यम से थाना बालोद पुलिस को घटना की सूचना दिया हूं।

पुलिस वाले हमारे घर पहुंचे उनके साथ पुलिस डॉग स्काट भी हमारे घर पहुंचकर निरीक्षण करने के बाद मैं अपने घर में रखे कीमती सामानो को चेक किया तो बेडरूम के आलमारी के लॉकर में रखे 1 ग्राम सोने का बच्चे का लाकेट करीबन, 2 नग सोने का जेन्टस अंगुठी, 1 जोड़ी सोने का कान का टाप्स करीबन 5 ग्राम, 5 नग सोने का कान का फुल्ली करीबन 1 ग्राम, 2 जोड़ी चांदी का पायल करीबन 5 तोला, 3 जोड़ी चांदी का बिछिया करीबन 1.5 तोला, 1 जोड़ी बच्चे का चुड़ा व पायल करीबन 2 तोला नहीं था, उसके बाद दुकान के गल्ला व गुल्लक फुटा हुआ था। जिसमे रखे नगदी रकम 20,000 को कोई अज्ञात चोर द्वारा 21 अक्टूबर के 16 बजे से 23 अक्टूबर के 11 बजे के मध्य दुकान के शटर में लगे ताला को तोड़कर चोरी कर ले गया है।

## रक्तदान को जीवन का संकल्प बनाने वाले चौलेश देशमुख का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

■ रक्त का कोई विकल्प नहीं - 56वीं बार रक्तदान कर चौलेश देशमुख बने प्रेरणा स्रोत

ग्राम कोलिहामार निवासी चौलेश देशमुख 50 वर्ष नें 56 वीं बार रक्तदान किया। चौलेश देशमुख विगत 30 सालो से अनवरत जरूरतमंदो को निःशुल्क रक्तदान कर रहे है। इस दौरान वे रक्तदान के लिए धमतरी, बालोद, रायपुर, कांकेर, दुर्ग, राजनांदगांव जाकर रक्तदान कर चुके है। चौलेश देशमुख द्वारा लगातार निःशुल्क रक्तदान करने एवं अन्य साथियो को रक्तदान के लिए प्रेरित करने जैसे जनहित के कार्य करने के लिए ग्राम बोड़रा धनेली मे नो टेंशन क्लब एवं स्पर्श रक्तदान समिति बोडरा (धनेली) द्वारा आयोजित सैनिक सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। इस दौरान चौलेश देशमुख ने कहा रक्तदान करने से कमजोरी नही आती हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान जरूर करना चाहिए। रक्त का कोई विकल्प नही है। मानव रक्त से ही जरूरतमंदो के रक्त की पूर्ति हो सकती है। समारोह में समिति द्वारा चौलेश देशमुख को शील्ड के साथ प्रमाण पत्र देकर विधायक संगीता सिन्हा के हाथो सम्मानित किया गया।

### बघेरा में सूने मकान में चोरी, 60 हजार ले भागे चोर

**भिलाई।** कोतवाली थाना अंतर्गत बघेरा स्थित सूने मकान में चोरी हो गई। अज्ञात चोर घर का ताला तोड़कर अंदर घुसा। अंदर आलमारी में रखे 60 हजार रुपए नगद पर हाथ साफ कर दिया। सूचना पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि शिशुपाल सिंह लोक निर्माण विभाग बीजापुर में सहायक ग्रेड 3 के पद पर पदस्थ हैं। 21 अक्टूबर की सुबह करीब 11 बजे वे परिवार के साथ दिवाली मनाने मालाढबरी घुमका चले गए। 23 अक्टूबर को लौटे तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है। अंदर सामान बिखरे हैं, आलमारी से कैश गायब है। पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले में जांच शुरू कर दी है।

### राधा कृष्ण मंदिर परिसर के सीमेंटीकरण कार्य का किया लोकार्पण



**बालोद/सिकोसा।** ग्राम पैरी में जनपद सदस्य ममता मनोज सेन के जनपद निधि द्वारा राधा कृष्ण मंदिर परिसर में निर्मित सीमेंटीकरण कार्य का लोकार्पण किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, सभापति गुलशन साहू, जनपद सदस्य ममता मनोज सेन, राधेश्याम यादव, ग्राम पटेल गेंदसिह साहू, पदुम यादव, भोज यादव पंच, सोनी यादव पंच, दीपिका यादव पंच व समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

### देव मडई मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में आयोजित

**डोंडी।** डोडी ब्लॉक की प्रथम देव मडई रविवार को ग्राम ठेमाबुजुर्ग के मां दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण में लगेगा। इस अवसर पर ठेमा सहित आसपास के गांव में रात्रि को छत्तीसगढ़ी नाच के कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी गांव के जनपद सदस्य शिव बारला जसराज यादव ने दिया।

बर्खास्त किए गए 25 कर्मियों को अब तक काम पर नहीं रखा शासन ने

# दिवाली पर न वेतन मिला और न ही 5% इंक्रीमेंट 16000 एनएचएम कर्मी जाएंगे फिर हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग सहित प्रदेशभर के 16 हजार एनएचएम संविदा कर्मी एक बार फिर हड़ताल पर जाएंगे। इसलिए कि प्रदेश सरकार ने हड़ताल खत्म होने के बाद अपने वायदे पर अमल नहीं किया।

हाल यह रहा कि दिवाली पर इन कर्मियों को न वेतन मिला और न ही 5 प्रतिशत इंक्रीमेंट। प्रदेश सरकार ने इन कर्मियों को यह आश्वस्त किया था कि बढ़ी हुई सैलरी व 5 प्रतिशत इंक्रीमेंट देंगे। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 31अक्टूबर को छत्तीसगढ़ प्रदेश के राज्य उत्सव पर आगमन से पहले 30 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ प्रदेश के एन एच एम कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने की तैयारी कर रहे हैं।



#### हड़ताल दिवस यानी 33 दिन की सैलरी नहीं

संघ ने बताया कि इससे पहले छत्तीसगढ़ प्रदेश के एन एच एम कर्मचारियों का हड़ताल का एक दिन , दो दिन और 33 दिन वाला अनिश्चितकालीन हड़ताल का भी सैलरी नहीं मिला है। जिससे कर्मचारीयों में काफी आक्रोश है। कभी भी एन एच एम कर्मचारी रायपुर मंत्रालय एमडी प्रियंका शुक्ला और स्वास्थ्य सचिव आफिस घेराव कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग को 65 प्रतिशत एन एच एम कर्मचारियों के भरोसे चलतीहै।

#### काली दिवाली मनाई कर्मियों ने

छत्तीसगढ़ प्रदेश के एन एच एम कर्मचारियों की दिवाली इस बार काली दिवाली के रूप में मनाई । छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य विभाग के 33 जिलों में स्वास्थ्य व्यवस्था फिर रोड़ पर आने वाली है। जिला एनएचएम संविदा कर्मचारी संघ ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री और मुख्यमंत्री के आदेश के बाद भी छत्तीसगढ़ प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग के एन एच एम कर्मचारियों की एम डी रायपुर की प्रियंका शुक्ला द्वारा कर्मचारियों की हित में कोई निर्णय नहीं लिया जा रहा है। और ना ही कर्मचारियों को अभी दिवाली में ना सैलरी मिला और ना ही 5 प्रतिशत वेतन जो जुलाई 2023 से मिलना था वो भी नहीं दिया गया। एन एच एम कर्मचारियों को कुछ नहीं मिला जिससे वो इस बार दिवाली नहीं मना सके । और साथ ही समय पर वेतन नहीं मिलता जिससे कर्मचारी को अपना घर और परिवार का भरने पोषण करने में बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए अब वो हड़ताल के लिए फिर तैयार हो गए हैं।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

